an>

Title: Need to set up a petroleum refinery in Bhawtara in Jalore Parliamentary Constituency, Rajasthan.

**श्री देवजी एम. पटेल (जालौर)** ः सांचौर उपखण्ड का रणखार से जुड़ता गांव भवताड़ा, गुजरात बॉर्डर से करीब 10 किलोमीटर दूर है। वहीं भवताड़ा में करीब 10 हज़ार बीघा सरकारी जमीन खाली पड़ी है जो खेती योग्य नहीं है, जिससे सरकार को जमीन प्राप्ति के लिए अतिरिक्त पैसा भी खर्च करना नहीं पड़ेगा। वहीं सांचौर से भवताड़ा की दूरी 45 किलोमीटर तथा बाड़मेर से सांचौर की दूरी 150 किलोमीटर ही है। यहां पर ड्राईपोर्ट बनाने के दौरान गुजरात के समुद्र से भवताड़ा तक काल्पनिक नहर निर्माण के दौरान पानी लाया जाएगा। वहीं सांचौर के सीलू गांव में नर्मदानहर का पानी उपलब्ध होने से भरपूर मात्रा में पानी की उपलब्धता रहेगी। सीलू से हेड से भवताड़ा की दूरी मात्र 30 किलोमीटर होने से नर्मदा नदी के पानी का उपयोग आसानी से किया जा सकता है। सांचौर से होकर गुजरात के लिए जाने वाला नेशनल हाइवे होने से सड़क की समस्या भी नहीं है। भविÂय में रिफाइनरी के बाद "बाय प्रोडक्ट इंडस्ट्रीज" की संभावना बनती है तो ट्रांसपोर्टेशन को लेकर समस्या नहीं आएगी। वहीं सांचौर में करीब 20-23 हैक्टेयर जमीन उपलब्ध है। वहीं इसके विस्तार के लिए भी जमीन प्राप्त की जा सकती है।

चितलवाना के काछेला गांव में ग्रीन पॉवर प्लाण्ट से बिजली उत्पादित करने के साथ रिफाइनरी के लिए सीधी बिजली ली जा सकती है। इसके बाद झाब में केयर्न की ओर से तेल कुआंो पर कार्य चल रहा है जहां प्रारंभिक तौर पर इस क्षेत्र में गैस व तेल भण्डार होने के संकेत मिले हैं। यहां पर गैस आधारित पावर प्लांट लगाकर बिजली की मांग पूरी की जा सकती है। जालौर बाड़मेर का पड़ोसी जिला होने से इन दोनों जिलों के लोगों को यहां रिफाइनरी लगने से रोज़गार मिल सकेगा। वहीं रोज़गार के लिए युवाओं का पलायन भी रूकेगा। इन दोनों जिलों में बरसात के भरोसे खेती की जाती है। ऐसे में मैनपावर की समस्या भी नहीं रहेगी।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सांचौर (राजस्थान) के भवताड़ा में रिफाइनरी लगाने हेतु शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएँ।